तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **दीपक कच्छवाहा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार तिंवरी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353998740952341	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/04/26	अपीलार्थी दीपक कच्छवाहा, निवासी श्रीराम भवन नयापुरा मथानिया तहसील तिंवरी, जोधपुर ने द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार तिंवरी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 20.02.2026 ग्राम किरामसरिया कलां के खसरा नंबर 129/118 की गलत तरमीम/बंटवारे से संबंधित दस्तावेज के संबंध में विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार तिंवरी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार तिंवरी) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 14 दिनांक 02.04.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना आवेदन में दस्तावेज का स्पष्ट विवरण नहीं होने व सूचना प्रश्नात्मक होने के कारण सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 2(एफ) के तहत सूचना दी जाना संभव नहीं है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
21593837
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.15 15:34:42 IST
Reason: Approved